0646CH02

दूसरा पाठ

किताब

शिक्षण बिंदु

इ ई ि ी ज ड़ त द ब व स

इमली | इ म ली

किताब | कि ता ब

लड़की | ल ड़ की

ईख | ई ख

जाल **जा ल**

नाव **ना व**

बस **ब स**

2. पहचानो और बोलो

जाल	लड़की	बस	ईख	इमली	नाव	किताब	
ड़	स	इ	व	त	ज	ई	ब

शिक्षण संकेत

- श्यामपट पर **किताब** लिखें और उसका चित्र दिखाते हुए विद्यार्थियों से बार-बार बुलवाएँ।
- इसी तरह **इमली**, **ईख**, **जाल**, **लड़की**, **नाव**, **बस** के चित्र दिखाएँ और वर्णों की अलग-अलग पहचान कराते हुए बार-बार बुलवाएँ।

3. सुनो और बोलो

आज	ताला	ईख	अनाज	इमली	अलमारी
जाल	दाना	इकाई	दवात	तितली	तरकारी
दाल	बाबा	कील	बादल	दीवार	सरकार
माल	मामा	तीर	सारस	मदारी	दरवाज़ा

4. नीचे दिए गए वर्णों को लिखने का अभ्यास करो

इ इ

ई ई

ज ज

ड़ ड़

त त

द द

ब ब

व व

स स

5. रेखा खींचकर शब्द और चित्र का मिलान करो

जाल

तितली

कान

किताब

सारस

लड़की

शिक्षण संकेत

- पहचानो और बोलो तथा सुनो और पढ़ो के अंतर्गत आए वर्णों/शब्दों को श्यामपट पर लिखकर बार-बार बुलवाएँ, दिखाएँ व उनकी पहचान करवाएँ। इसके लिए वर्णों के फ़्लैश कार्ड का प्रयोग कर सकते हैं। इसके बाद कुछ विद्यार्थियों से चुने हुए शब्दों का वाचन भी करवाएँ ।
- अध्यापक खेल विधि का भी प्रयोग कर सकते हैं। सभी विद्यार्थियों के पास एक-एक वर्ण का कार्ड होगा और वे क्रम में खड़े होकर शब्द बनाएँगे।
- दिए गए वर्ण विद्यार्थियों को सही बनावट में लिखना सिखाएँ और विद्यार्थियों से अपनी नोटबुक में भी लिखने को कहें।

योग्यता विस्तार

- शिक्षण बिंदु में दिए गए सभी वर्णों तथा मात्राओं को श्यामपट पर लिखें और विद्यार्थियों से बार–बार इनकी पहचान करवाएँ ।
- विद्यार्थियों से **व ब त ड़ द र ज इ ई ि ी** की सहायता से अन्य शब्द बनवाकर बुलवाएँ।
- कुछ विद्यार्थियों के पास चित्रवाले कार्ड होंगे और दूसरे विद्यार्थियों के पास वर्ण वाले फ़्लैश कार्ड। चित्र दिखाने पर विद्यार्थी उस चित्र के नामवाले वर्णों को दिखाएँगे और उन्हें सजाकर शब्द बनाएँगे। इस तरह शब्द बनाने का खेल खेलेंगे।

मौखिक पाठ

शिक्षण बिंदु

यह/वह कौन है?
क्या यह (कलम) है?
यह कलम नहीं, किताब है।

1. अध्यापक वाक्य बोलेंगे और विद्यार्थी दोहराएँगे

अध्यापक : *(समीप के विद्यार्थी को दिखाकर)*

यह कौन है?

यह मोहन है।

यह कौन है?

यह लीला है।

अध्यापक : *(दूर की लड़की को दिखाकर)*

वह कौन है?

वह सलमा है।

वह कौन है?

वह राजन है।

2. अध्यापक वाक्य बोलेंगे और सभी विद्यार्थी एक साथ दोहराएँगे

अध्यापक	विद्यार्थी
यह कौन है?	यह कौन है?
यह जीनी है।	यह जीनी है।
वह कौन है?	वह कौन है?
वह रतनलाल है।	वह रतनलाल है।

3. (क) अध्यापक अलग-अलग विद्यार्थियों की ओर संकेत करते हुए प्रश्न पूछें और विद्यार्थी उत्तर दें

अध्यापक	विद्यार्थी
यह कौन है?	यह मीना है।
वह कौन है?	वह ज़ीशान है।
यह कौन है?	यह लीला है।
वह कौन है?	वह अनिल है।

(ख) अध्यापक वस्तुएँ या चित्र दिखाकर प्रश्न पूछें और विद्यार्थी उत्तर दें

अध्यापक	विद्यार्थी
यह क्या है?	यह अलमारी है।
वह क्या है?	वह दरवाज़ा है।
यह क्या है?	यह कलम है।
वह क्या है?	वह मकान है।

4. प्रश्नोत्तर अभ्यास

अध्यापक कलम दिखाकर पूछेंगे और उत्तर देंगे

क्या यह किताब है?

यह किताब नहीं, कलम है।

छात्र इस उत्तर को दोहराएँगे–

यह किताब नहीं, कलम है।

अध्यापक(दरवाज़ा दिखाते हुए) : क्या वह दीवार है?

छात्र : वह दीवार नहीं, दरवाज़ा है।

अध्यापक(अनार का चित्र दिखाते हुए) : क्या यह आम है?

छात्र : यह आम नहीं, अनार है।

अध्यापक(नाव का चित्र दिखाते हुए) : क्या यह बस है?

छात्र : यह बस नहीं, नाव है।

इसी तरह कक्षा की अन्य वस्तुएँ दिखाकर यह अभ्यास जारी रख सकते हैं।

योग्यता विस्तार

- छात्र इसी तरह क्रम से दूसरे छात्रों की ओर संकेत करते हुए यह कौन है।/वह कौन है संरचना का अभ्यास करें, जैसे–

  छात्र 1: यह कौन है?

  छात्र 2: यह (मदन) है। वह कौन है?

  छात्र 3: वह (लता) है। यह कौन है?

  छात्र 4: यह (राजन) है। वह कौन है? ...आदि